## ब्रीफ न्यूज

### महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु जिले भर में चलाया जा मैं हूं अभिमन्यु अभियान



**रीवा, स्वतंत्रमत।** महिलाओं को जागरूक किए जानें के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भेपाल द्वारा मैं हूं अभिमन्यु अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ किया गया है जिस कडी में पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में रीवा पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में मैं हूं अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान है। यह महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल की एक पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं और समाज के पुरुषों को महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिमन्यु की तरह आगे आने के लिए प्रेरित करना है।

### ननि में आयोजित हुआ ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण

**रीवा।** नगर निगम रीवा में आज सभागार में ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी का पंजीयन शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा अतिशीघ्र ई-ऑफिस से फाइल मूवमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था से कार्य की गति और पारदर्शिता में वृद्धि होगी। इस दौरान निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं संबंधित शाखाओं के कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# स्कूल की छत नहीं डाली रूपए हड़पने का आरोप

## एक दिन भी उपयोग नहीं कर सके स्टूडेंट्स

### अब गिराने की तैयारी

रीवा, स्वतंत्रमत



रीवा में एक विद्यालय का भवन बना लेकिन उसमें छत नहीं डाली गई। अब इस भवन को गिराने की तैयारी है। स्कूल प्राचार्य ने भ्रष्टाचार पर प्रशासन कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। मामला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगांव का है। स्कूल भवन को गिराया जाना है क्योंकि नए 8 कक्ष बनने हैं।

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर में ही लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना एक भवन बना हुआ है। वर्तमान में मैं रामसजीवन साकेत, प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यभार संभाल रहा हूं। पूर्व प्राचार्य उमेश तिवारी भी यहीं पदस्थ हैं। राशि आहरित होने के बाद भी इस भवन का निर्माण कभी भी पूर्ण नहीं कराया जा सका। भवन किस मद से बनाया गया था और किसके द्वारा बनाया गया था। इसकी जानकारी सही से हम शिक्षकों के पास भी नहीं है। लेकिन इस भवन को देखने के बाद यह स्पष्ट बताया जा सकता है कि इसके निर्माण में व्यापक स्तर का भ्रष्टाचार किया गया है।

कुछ लोग इसे तत्कालीन पंचायत सरपंच लालगांव के द्वारा बनाया हुआ भी बता रहे हैं। प्राचार्य का आरोप- भवन निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ प्राचार्य ने बताया कि जो भी हो इस भवन के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। बिना निर्माण कार्य कराए समस्त राशि को डकार लिया गया है। भवन को अधूरा छोड़ दिया गया है। अब जब 8 कक्ष के नवीन भवन बनाए जाने की बात सामने आई है तो इसे गिराए जाने की चर्चा की जा रही है। जबकि इसका उपयोग ही कभी नहीं किया जा सका लेकिन छत और रखरखाव के आभाव में उपयोग से पहले ही यह कमजोर और जर्जर दिखने लगा है। काम में भ्रष्टाचार होने की वजह से जिम्मेदार शिक्षकों ने अपनी समस्या बताई है। इस विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों और शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। ताकि वह इसकी विधिवत जांच पड़ताल करें और दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही करें। ग्रामीणों की माने तो उस समय इसके निर्माण के लिए 20 लाख से अधिक राशि स्वीकृत हुई थी।

पूरे मामले में सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट शिवानंद द्विवेदी ने बताया कि जल्द ही मामले में सूचना के अधिकार के तहत आरटीआई लगाकर मामले का खुलासा करूंगा। वहीं मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने जांच के निर्देश दिए हैं।

# हड्डी विभाग में आने वाले मरीजों को नहीं मिलता स्ट्रेचर

## कई बार तो मरीज के परिजनों को स्वयं लाना पड़ता है, वार्ड बॉय रहते हैं नदारद

**रीवा, स्वतंत्रमत।** शासकीय अस्पताल में आने वाले मरीजों को हर सुविधा मिले इसके लिए स्वास्थ्य प्रशासन पानी की तरह राशि बहा रहा है, लेकिन सुविधाओं का लाभ धरातल पर देखने को नहीं मिल रहा। मरीजों को वार्ड में ले जाने के लिए स्ट्रेचर तक नसीब नहीं होते, स्ट्रेचर होते भी हैं तो उन्हें धकेलने वाले वार्ड बॉय नहीं होते। हड्डी विभाग में आने वाले अधिकांश मरीज बिना स्ट्रेचर के वार्ड में नहीं जा सकते, किन्तु यहां आने वाले मरीजों को भी स्ट्रेचर नहीं मिल पाते। जिसका उदाहरण देखा जा सकता है शहर के संजय गांधी अस्पताल में।

**मरीज और परिवार वाले होते हैं परेशान :** कहने को अस्पताल वार्ड बॉय पर्याप्त हैं, किन्तु काम के समय अधिकतर दिखाई ही नहीं देते। हड्डी विभाग में आने वाले मरीजों को उनके परिजन ही स्ट्रेचर में ले जाते, लाते सहजता से देखे जा सकते हैं, कई बार तो मरीजों को स्ट्रेचर भी नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें इंतजार करना पड़ता है या फिर उनके परिवार वाले साथ होते हैं तो स्वयं ही मुख्य द्वार से स्ट्रेचर धकेलकर वार्ड तक ले आते हैं। मंगलवार को हड्डी विभाग में एक भी वार्ड बॉय देखने को नहीं मिले। मरीज और उनके परिजन परेशान होते रहे।

**कुछ देर रूकने के बाद चले जाते हैं दूसरी जगह काम पर :** विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां जो वार्ड बॉय हैं वे अस्पताल के अलावा निजी क्लिनिक व होटल आदि में भी काम करते हैं, कुछ देर यहां रूकने के बाद नदारद हो जाते हैं, ये धांधली आज से नहीं बल्कि लंबे समय से चल रही है। लेकिन इसके रोक पाने में अस्पताल प्रबंधन नाकाम है या फिर यों कहें कि इस धांधली को रोकना ही नहीं चाहता।

## दिव्यांगता की पहचान के लिए आज त्योंथर में शिविर का आयोजन

**रीवा।** दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिक शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में जन्म से 18 वर्ष की आयु के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविरों का आयोजन 15 सितंबर से आरंभ हो गया है। दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर 25 सितंबर को त्योंथर में आयोजित किया गया है। दो माह की समय सीमा में सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, सामाजिक न्याय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयुष तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के समन्वय से किया जाएगा। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# पार्किंग में ठेले, वाहन ओवर ब्रिज के उपर

**रीवा, स्वतंत्रमत।** शहर के सिरमौर चौराहे पर स्थित ओवर ब्रिज के नीचे निर्धारित किए गए पार्किंग स्टैंड में ठेकेदार व निगम के जिम्मेदारों की मिली भगत से अवैध रूप से ठेला संचालक अपना व्यवसाय करते हैं, जिसके चलते यहां वाहन खड़े करने स्थान नहीं रहता, नतीजा वाहन चालकों को मजबूरन अपने वाहन ओव्हर ब्रिज के उपर खड़े करना पड़ते हैं, सिरमौर चौराहे में स्थित विद्यालयों के लगने व छूटने के समय ओव्हर ब्रिज निजी वाहनों के साथ ही ऑटो आदि से पटा रहता है, जिससे ओव्हर ब्रिज में जाम लग जाता है।

## स्कूल लगने व छूटने के वक्त लगता है वाहनों का जमावड़ा, लग जाता है जाम

**एकाध-दो ठेला हटा निभा रहे दायित्व :** शनिवार को भी ओवर ब्रिज में निजी वाहन व ऑटो आदि खड़े कर दिए जाने से ब्रिज के दोनों ओर जाम लग रहा। ये स्थिति एक दिन नहीं अपितु रोजाना निर्मित होती है। जाम लगने से लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते, मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रहती है, जिससे कई बार मरीज की जान पर संकट आ जाता है। नगर निगम द्वारा ओवर ब्रिज के नीचे लगाए जाने वाले अवैध ठेलों को हटाने के नाम पर एकाध-दो ठेला संचालकों को हटाकर कार्यवाही की औपचारिकता पूर्ण कर ली जाती है, कई बार सडक़ किनारे वाहन खड़े होने से यातायात पुलिस यहां लगे ठेले हटवाती है, लेकिन दूसरे ही दिन ठेला संचालक पुन: उसी स्थान पर नजर आते हैं, जिन्हें स्थाई रूप से हटाने नगर निगम द्वारा कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे। जिससे यहां दिन-प्रतिदिन ठेला संचालकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# सतना में अवैध कॉलोनियों को किया जाएगा ध्वस्त

## कॉलोनाइजर के विरूद्ध होगी एफ आई आर

**सतना, स्वतंत्रमत।** नगर पालिक निगम आयुक्त शेर सिंह मीना द्वारा शहर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसी अनुक्रम में आयुक्त, नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जुबैर हिदायत उल्ला पिता हाजी हिदायत उल्ला, फिरदौस जहाँ मोहम्मद पत्नी इनायत उल्ला ओवैश मोहम्मद मुदस्सिर पिता इनायत उल्ला निवासी वार्ड क्र0 41 पन्नीलाल चौक सतना (म0प्र0) द्वारा मौजा अमौधा कला स्थित आराजी क्र0 763 रकवा लगभग 1.4320 हेक्टेयर, तेरसिया दाहिया पत्नी सीताराम दाहिया, रतिया, लीला दाहिया, संतोष दाहिया पिता सीताराम दाहिया, निवासी पाठक किराना स्टोर के बगल में मेन रोड शुक्लान टोला



डिलौरा सतना, तहसील रघुराज नगर जिला सतना म.प्र. मौजा डिलौरा स्थित आराजी क0 1121 कुल रकवा लगभग 0.1620 हे0 एवं रविकांत चतुर्वेदी पिता अवध बिहारी चतुर्वेदी निवासी चांदमारी रोड गली नं0 1 धवारी सतना, तहसील रघुराज नगर जिला सतना म.प्र. मौजा धवारी स्थित आराजी क0 201/1 कुल रकवा लगभग 0.2351 हेक्टेयर आराजी पर निर्मित अवैध कॉलोनी में बनाए गए चिन्हांकन को ध्वस्त किए जाने एवं अवैध कॉलोनाइजर के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने हेतु अधीक्षण यंत्री नगर पालिक निगम सतना को निर्देशित किया गया है।

### इसे क्यों छोड़ा गया

शहर के वार्ड नंबर 29 सुमित बाजार के सामने एडवोकेट मुन्नी खान के घर के पास अवैध कॉलोनी का निर्माण चल रहा है इस पर निगम प्रशासन का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है क्या यह अवैध कॉलोनी किसी रसूखदार की है जिससे निगम प्रशासन को कार्यवाही करने में पसीना आ रहा है या फिर भू माफिया के आगे निगम प्रशासन बिक गया है इससे तो यही अंदाजा लगाया जा सकता। इस अवेट कॉलोनी को लेकर समाचार पत्रों ने भी पिछले दिनों खबर प्रकाशित कर चुका है और निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था लेकिन यहां पर कॉलोनी में प्लेटो की खरीद परोक्त एवं भावनाओं का निर्माण हो रहा है इसे रोकने के लिए आज तक निगम प्रशासन नहीं पहुंचा।

# दो अधिकारी निलंबित, कलेक्टर का एक्शन

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में बरती लापरवाही, मंगलवार देर रात आदेश जारी



**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ध्यान न देने की वजह से दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। रीवा में तत्कालीन कलेक्टर के कार्यकाल में यह पहली बार है जब किसी अधिकारी को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण पर ध्यान न देने की वजह से निलंबित किया गया हो। अब तक केवल केवल कार्रवाई की चेतावनी ही दी जाती रही है। कर्मचारी अब सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर सोचने पर मजबूर हो गए हैं।

**खण्ड पंचायत और पंचायत समन्वयक अधिकारी पर कार्रवाई :** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में रुचि न लेने और समय सीमा में शिकायतों का निराकरण न करने पर खण्ड पंचायत अधिकारी रीवा श्रीमती सुरभि दुबे और पंचायत समन्वयक अधिकारी (सीएफटी) प्रभारी जनपद रीवा सुधीर तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया गया है। आगे जो भी अन्य अधिकारी इस दिशा में लापरवाही करेंगे। उन पर भी कार्यवाही के लिए विचार किया जाएगा।

बताया गया कि जिले भर में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के सैकड़ों मामले पेंडिंग हैं। जहां अधिकांश अधिकारी अपनी कार्यशैली से जनता को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं। जिसकी वजह से वे अपनी शिकायतें वापस नहीं ले रहे हैं। लेकिन मंगलवार देर रात कलेक्टर प्रतिभा पाल की इस कार्रवाई से अब हड़कंप मचा हुआ है।

## अवैध रूप से संचालित डेयरियों पर ननि की छापामार कार्रवाई



**रीवा, स्वतंत्रमत।** नगर निगम रीवा द्वारा निराश्रित मवेशियों के प्रबंधन के तहत बड़ी कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित डेयरियों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पशुओं को जब्त किया। जोन क्रमांक 03 में स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में समान नाका के पास अवैध डेयरी संचालन करने वाले मालिकों पर कार्रवाई करते हुए 7,000 रुपये की चलानी कार्यवाही की गई तथा 8 पशुओं को पकड़कर जब्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रमांक 02 में स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 29, कटरा मोहल्ला स्थित नरेंद्र चिकवा की अवैध डेयरी से मौके पर 30 पशुओं को पकड़कर जब्त कर बसामन मामा गौशाला भेजा गया। उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, स्वच्छता निरीक्षक, अतिक्रमण दल एवं वार्ड दरोगा मौजूद रहें।

# सीएमएचओ कार्यालय में आराम फरमाते नजर आए लेखापाल

## कांग्रेस ने बताया सरकारी दामाद, साथी कर्मचारियों ने वायरल की तस्वीरें



**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा के सीएमएचओ कार्यालय से एक तस्वीर वायरल हुई है, जिसमें जिला लेखापाल संतोष तिवारी ड्यूटी के दौरान कार्यालय के भीतर आराम करते नजर आए। यह तस्वीर ऑफिस के अन्य कर्मचारियों ने खींची और मीडिया को सौंप दी। मामला मंगलवार का बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, लेखापाल ने सीएमएचओ कार्यालय के चेंबर को सोने के लिए उपयोग किया। जब कर्मचारियों ने उन्हें टोका कि यह कार्यालय है, नींद पूरी करने की जगह नहीं, तो संतोष तिवारी ने किसी से न डरने की बात कही। इससे कार्यालय में माहौल तनावपूर्ण हो गया।

### जनता की फिक्र नहीं ये सरकारी दामाद

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने कहा कि जिस तरह से ये अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी टाइम में आराम फरमा रहे हैं। उन्हें देखकर यह समझ आता है कि आखिरकार जनता आज क्यों परेशान और त्रस्त है। जनता क्यों अधिकारियों के दफ्तरों के भीतर घंटों इंतजार करने को मजबूर है, क्योंकि ये ऐसी चलाकर भीतर आराम से सो रहे हैं। इन्हें जनता की फिक्र नहीं ये सरकारी दामाद हैं।

### प्रशासन की चुप्पी और कार्रवाई को लेकर सवाल

अभी तक लेखापाल की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।

# नगर निगम रीवा में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में हुआ सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण



**रीवा, स्वतंत्रमत।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज नगर निगम रीवा टाउन हॉल में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान 310 से अधिक सफाई मित्रों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, फेफड़ों एवं हृदय संबंधी रोगों की जांच की गई। चिकित्सकों ने सभी सफाई मित्रों को संतुलित आहार, समय पर स्वास्थ्य जांच और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही, नगर निगम ने सफाई मित्रों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं का पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई। निगम आयुक्त ने कहा कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। नगर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने में उनका योगदान अमूल्य देते है। सफाई मित्रों का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 45 दिन में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। साथ ही उन्होंने शासन प्रदत्त सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, चिकित्सक, नर्स, फार्मा स्टाफ एवं आईईसी टीम मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय के खनिज शाखा का फर्जी पत्र बनाया

## कार्यपालन यंत्री-कर्मचारी ने किया दो करोड़ का घोटाला, ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर

**रीवा, स्वतंत्रमत।** सतना लोक निर्माण विभाग में फर्जी दस्तावेजों के जरिए शासन की करोड़ों रुपए की राशि गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ रीवा ने तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी और दिल्ली की एस. आर. कन्स्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### फर्जी एनओसी से मिली भुगतान की मंजूरी

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि ठेकेदार ने एक फर्जी रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र (एनओसी) पेश किया, जो कथित रूप से कलेक्टर कार्यालय, खनिज शाखा रीवा से जारी दिखाया गया था। इस दस्तावेज़ के आधार पर, कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी ने ठेकेदार को 2.59 करोड़ रुपए की रोककर रखी गई राशि का भुगतान करने की मंजूरी दे दी। जब इस पत्र की जांच की गई, तो पाया गया कि ऐसा कोई दस्तावेज खनिज शाखा रीवा से कभी जारी ही नहीं हुआ था।



### 46 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी

मामला सतना जिले में वर्ष 2017 से 2022 के बीच सीआरएफ योजना के तहत हुए 46.70 किमी. सड़क निर्माण कार्यों से जुड़ा है। इन सड़कों में सेमरिया-बनकुइंया, मझियार, बकिया, लौलाछ, खाम्हा, इटौर, मैनपुरा, टिकरी, गोरड्या आदि मार्ग शामिल हैं। 1 मई 2017 को एस.आर. कन्स्ट्रक्शन दिल्ली से अनुबंध हुआ था, और अंतिम भुगतान 27 जुलाई 2021 को किया गया था।

### फर्जीवाड़े की परतें ऐसे खुलीं

निर्माण कार्यों के दौरान देयकों का भुगतान किया जा रहा था, लेकिन काम में देरी की वजह से माइलस्टोन के तहत 2.59 करोड़ रुपये रोक लिए गए थे। ठेकेदार ने बाद में इस रोक राशि को पाने के लिए फर्जी एनओसी पेश की, जिसे तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी ने बिना जांच के मार्क कर दिया। इस एनओसी की आवक न तो कार्यालय में दर्ज थी, और न ही यह खनिज विभाग से जारी होना पाया गया। इसके बावजूद, लेखाधिकारी की आपत्ति को नजरअंदाज करते हुए भुगतान कर दिया गया।

### दर्ज हुआ केस, शुरू हुई जांच

ईओडब्ल्यू एसपी ने बताया कि इस फर्जीवाड़े से शासन को 2 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचा है। अब इस मामले में तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी, एस. आर. कन्स्ट्रक्शन दिल्ली के ठेकेदार और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ भादंवि की धारा 120बी, 409, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं 7 सी, 13 (1) (ए), 13(2) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### क्या है रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र?

यह प्रमाण पत्र खनिज विभाग द्वारा जारी किया जाता है, जिससे यह साबित होता है कि निर्माण कार्य में उपयोग किए गए खनिजों की रॉयल्टी शासन को जमा कर दी गई है। इसी के आधार पर अंतिम भुगतान किया जाता है। लेकिन इस मामले में फर्जी एनओसी पेश कर शासन को गंभीर आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

# आर्चीपुरम, बाबूजीनगर व रामनगर में विराजी मातारानी, दुर्गा पंडालों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव संयुक्त समिति आर्चीपुरम, बाबूजीनगर और रामनगर-गुलमोहर कॉलोनी में इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पंडालों का निर्माण किया गया है।**

सिवनी/स्वतंत्र मत

इन पंडालों में माता रानी की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिन्हें देखने और आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव संयुक्त समिति आर्चीपुरम, बाबूजीनगर और रामनगर-गुलमोहर कॉलोनी में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया है, जो अपनी स्थापना के दसवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस खास मौके पर पंडालों में माता रानी की दिव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिन्हें देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।



इन तीनों पंडालों को 10 वर्ष पूरे होने पर और भी विशेष रूप से सजाया गया है। आकर्षक रोशनी, कलात्मक सजावट और फूलों की महक से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इन 10 वर्षों में उन्होंने इस उत्सव को एक बड़े धार्मिक और सामाजिक आयोजन के रूप में विकसित किया है, जिसमें सभी धर्मों और यह उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह आपसी भाईचारे और सौहार्द को भी बढ़ावा देता है। 10 वर्ष की इस शानदार यात्रा को और भी यादगार बनाने के लिए, समिति ने इस वर्ष कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना बनाई है।

दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान इन तीनों पंडालों में प्रतिदिन सुबह और शाम की आरती के साथ-साथ विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जा रही हैं, जो भक्तों को खूब पसंद आ रही हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा के इन नौ दिनों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का भी एक बड़ा माध्यम है। इस वर्ष भी, श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव संयुक्त समिति ने एक सफल और सुरक्षित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी तैयारियां की हैं।



# सिवनी के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने राज्य स्पर्धा में जीते 10 स्वर्ण 4 रजत पदक

सिवनी/स्वतंत्र मत

संयुक्त संचनालय भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी उज्जैन के द्वारा उज्जैन में 15 से 19 सितंबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने कुल 10 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक जीतकर कुल 14 पदक अपने संभाग की झोली में डाले

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में युवा लेफ्टिनेंट आभाष राहांगडाले का सम्मान समारोह




## टीआई ओमेश्वर ठाकरे के साथ युवाओं को दिया मार्गदर्शन

सिवनी/स्वतंत्र मत

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी में जिले को गौरवन्वित करने वाले युवा लेफ्टिनेंट आभाष राहाँगडाले का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

एनसीसी व विवेकानंद कॅरियर प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में युवा लेफ्टिनेंट आभाष राहाँगडाले मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कॉलेज के युवा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए अपने करियर के सफर के बारे में बताया। कहा कि कभी भी असफलता से हताश मत होवे। प्रयास जारी रखें सफलता व अनुभव दोनों प्राप्त होंगे। बताया कि सेना में करियर बनाने का रास्ता कठिन जरूर है लेकिन सही रणनीति आपको सफलता दिलाती है।

लेफ्टिनेंट आभाष ने कार्यक्रम में उपस्थित युवा विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कई प्रश्नों का समाधान किया। विद्यार्थियों को यूपीएससी सी डी एस परीक्षा के पैटर्न की जानकारी व तैयारी पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन वासनिक ने बताया कि आभाष का अकादमिक कॅरियर बहुत शानदार रहा है। लेफ्टि आभाष ने एनआईटी भोपाल से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि प्राप्त किया एवं आई आई टी खरगपुर से पी जी करते हुए उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई। वे चाहते तो एक शानदार लगजरी लाइफ का लुत्फ उठा सकते थे पर उन्होंने देश सेवा का मार्ग अपनाया व युवाओं के लिए एक मिशाल पेश की है।

कार्यक्रम में उपस्थित युवा टी आई कंट्रोल रूम सिवनी श्री ओमेश्वर ठाकरे जी ने भी युवाओं को सैन्य बलो, अर्धसैनिक बलों व पुलिस सेवा में कॅरियर बनाने हेतु अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। कहा कि एनसीसी युवाओं के कॅरियर में बहुत सहायक है। सी सर्टिफिकेट प्राप्त केडेट्स को सी डी एस लिखित परीक्षा से छूट मिलती है। सीधे एस एस बी में शामिल होते है। बताया कि रेडियो, टीवी समाचार व समाचार पत्र रेगुलर पढ़ने की आदत बनाये आपकी सामान्य जानकारी में निश्चित ही वृद्धि होगी व आपका आत्मविश्वास बढेगा।

प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने युवा लेफ्टिनेंट आभाष राहाँगडाले को उनके आगामी कॅरियर के लिए शुभाशीष व शुभकामनायें प्रदान किया कहा कि जिले व प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करें।

कार्यक्रम में महाविद्यालय डॉ मानसिंह बघेल,चंद्रकला अर्मोती, डॉ हर्षा, डॉ सविता मसीह, डॉ रचना सक्सेना, डॉ नावकर , सत्येंद्र शेंडे, भावना तिवारी प्रशांत पाण्डेय, अभय नायक, लिडिया कुमरे, एनसीसी, एनएसएस केडेट्स व विद्यार्थी तथा उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी केडेट्स उपस्थित रहे। अंत में डॉ मानसिंह बघेल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के निर्देशन व संरक्षण में इको-क्लब प्रभारी डॉ संदीप कुमार शुक्ल द्वारा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस बार राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस लोगों के लिए आयुर्वेद ग्रह के लिए आयुर्वेद थीम 2025 पर आधारित था। उक्त कार्यक्रम में बीएससी एवं एम एस सी के विद्यार्थी उपस्थित थे । आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मुख्यवक्ता प्रोफेसर कृष्ण कुमार बरमईया विभागध्यक्ष वनस्पति विभाग ने 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस के रूप में इसी लिए चुना गया कि इस दिन पूरी दुनिया में रात और दिन बराबर होता है। आयुर्वेद के पीछे भी मूल सिद्धांत शरीर में सभी तत्वों के संतुलन पर है। आयुर्वेद की हमारे जीवन में उपयोगिता और औषधीय महत्व के विभिन्न पौधों के बारे में अपने विचार साझा किए ढ्ढ डॉ संदीप कुमार शुक्ल कहा कि यह दिन सिर्फ आयुर्वेद के लिए नहीं बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन और सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता भी है. डॉ- भावना तिवारी बताया कि आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद को हर व्यक्ति तक पहुंचाने और वैश्विक स्वास्थ्य में उसकी अहम भूमिका को फिर से मजबूत करने का अवसर है डॉ- टी. पी. सागर, डॉ प्रशांत पाण्डेय, एवं डॉ- धनेद्र गुर्देकार ने विद्यार्थियों को बताया आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संतुलित भोजन सही दिनचर्या और प्रकृति संग जीवन जीने की कला है।कार्यक्रम का संचालन एवं डॉ- संदीप शुक्ला डॉ. मनीषा सोनेकर आभार द्वारा किया।

# कांग्रेस के लिए ही जिउंगा और कांग्रेस के लिए मरूंगा: नरेश मरावी

## राममंदिर कलबोडी पंहुचकर भगवान रामचन्द्र जी एवं मॉ ज्वालादेवी जी की पूजन अर्चना किया

सिवनी/स्वतंत्रमत

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जन नायक लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केन्द्र की सत्तारूढ़ मोदी सरकार एवं भारत चुनाव आयोग जिस तरह वोट चोरी कर लोकतंत्र की हत्या कर सरकार बनाने में सफल हो रहें है को जन जन तक पंहुचाने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश मरावी का जिला स्तरीय दौरा कार्यक्रम के तहत प्रथम दौरा सिवनी विधानसभा के गोपालगंज ब्लाक से प्रारंभ किया गया, गोंपालगंज में पंहुचने पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सनोडिया द्वारा बडी संख्या में उपस्थित कांग्रेस




पदाधिकारियो एवं आमजनों के साथ गर्म जोशी के साथ पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। सुकतरा ब्लांक के ग्राम कबलोडी में राम मंदिर पंहुचकर भगवान रामचन्द्र जी पूजन अर्चन किया तत्पश्चात बडी संख्या में उपस्थित लोगो के साथ ढोल नगाडो के साथ जुलूस के रूप में मॉ ज्वालादेवी जी के मंदिर पंहुचने पर मॉ. ज्वालादेवी के पुजारी श्री दुर्गादास आनंद महाराज द्वारा नरेश मरावी ने पूजन अर्चन कर आर्शीवाद प्राप्त किया।

# लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए शिविर का हुआ आयोजन

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार अटल पेंशन शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में बुधवार 24 सितम्बर को ग्राम सादक सिवनी में अटल पेंशन योजना अंतर्गत आयोजित शिविर में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं जिनका अटल पेंशन योजना में नाम पंजीबद्ध नहीं है उन्हें चिन्हित कर मौके पर ही अटल पेंशन योजना में पंजीबद्ध किया गया। आयोजित शिविर में उपस्थित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सेवाएं, मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित हब, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी प्रदान की गई।शिविर में पोषण आहार प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया तथा महिलाओं से पोषण संबंधित प्रश्न उत्तर भी पूछे गए। आज के कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक, केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना, ऑफिस असिस्टेंट सुश्री आकांक्षा सोनी, पर्यवेक्षक श्रीमती विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव,कियोस्क सेंटर से अर्जुन भांवरें सहित कार्यकर्ता सहायिका एवं हितग्राही महिलाएं उपस्थित रही।




# पांडे क्लासेस ने दस वर्षों में तराशे हीरे, उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्रों का किया सम्मान

सिवनी/स्वतंत्र मत

शिक्षा के क्षेत्र में सिवनी का गौरव बनी पांडे क्लासेस बीते दस वर्षों से प्रतिभाओं को तराशने का काम कर रही है। यहां से पढ़े कई छात्र आज देश के प्रतिष्ठित संस्थानों और पदों पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं। हाल ही में आयोजित सम्मान समारोह में जेईई, नीट और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे अभाष राहंगडाले, जो पांडे क्लासेस में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़े और अब भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि ने ना केवल उनके माता-पिता, गुरुजन बल्कि पूरे सेओनी जिले का नाम रोशन किया है।

# मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु 1.5 लाख गम्बुजिया मछलियों का संचयन

सिवनी/स्वतंत्र मत

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में बुधवार 24 सितम्बर को जिले में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभियान के तहत जिले के सभी 8 ब्लॉकों में चिन्हित किए गए 200 स्थलों पर कुल 1,50,000 (1.5 लाख) गम्बुजिया मछलियाँ छोड़ी गईं। ये स्थल ऐसे जलभराव वाले स्थान थे जो ग्रामीण क्षेत्रों के निकट स्थित हैं, और जहाँ मच्छरों के लार्वा पनपने की अधिक



संभावना होती है। इस पूरे अभियान का संचालन जिला मलेरिया अधिकारी श्री रामजी भलावी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। अभियान के लिए प्रत्येक ब्लॉक में विशेष टीमों का गठन किया गया, जिसमें प्रोजेक्ट की टीमों ने भी सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान किया। गम्बुजिया मछलियाँ प्राकृतिक रूप से मच्छरों के लार्वा को खाकर उनकी संख्या को नियंत्रित करती हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम होती है।

श्री रामजी भलावी ने जानकारी दी कि यह अभियान जिले को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाने की दिशा में एक अहम और प्रभावी कदम है। आगे भी इसी तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

## दशम आयुर्वेद दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**स्वतंत्रमत।** आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिलेभर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों सहित अनेक जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार माथुर के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. सचिन अग्रवाल के समन्वय में सम्पन्न हुआ।

# नियम विरूद्ध संचालित 12 वाहनों पर लगाया गया 18 हजार रूपये का अर्थदण्ड

सिवनी/स्वतंत्रमत

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार विगत 23 सितम्बर को परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहनों की चैकिंग की गई। जांच के दौरान निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने पर 9 वाहनों से कुल 18 हजार रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। वाहन क्रमांक एमपी - 22 जी -3955, जिसमें फिटनेस एवं पीयूसी न होने पर 09 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं वाहन क्रमांक एमपी-22 पी-0358 बिना फिटनेस संचालित पाया गया, जिस पर 05 हजार रूपये का शमन शुल्क लगाया गया।

उन्होंने बताया कि अन्य 3 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 03 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। विभाग द्वारा बसों में




ओवरलोडिंग एवं अधिक किराया वसूलने की भी जांच की जा रही है। साथ ही आमजन को एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## गिफ्ट अ डेक्स मुहिम के लिए बच्चों ने जताया आभार, कलेक्टर सुश्री जैन को बच्चों ने प्रेषित किये धन्यवाद पत्र

सिवनी/स्वतंत्रमत

जिला प्रशासन द्वारा संचालित गिफ्ट अ डेक्स मुहिम से जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। इस अभियान के अंतर्गत समाजसेवियों एवं दानदाताओं से प्राप्त डेस्क विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए हैं। इससे अब बच्चों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने की समस्या से निजात मिल रही है और वे अधिक सुविधा व उत्साह के साथ शिक्षा ग्रहण कर पा रहे हैं। डेस्क पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही है। उन्होंने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए स्वयं हाथों से लिखे धन्यवाद पत्र कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन को सौंपे। बच्चों ने पत्र में लिखा कि अब पढ़ाई में और ध्यान लग रहा है तथा कक्षा का वातावरण भी बेहतर हो गया है।

# कृषकों की उन्नति एवं समृद्धि हेतु शोध का बोध कराना अति महत्वपूर्ण-निशांत वरवड़े

## प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण की कृषि सखियों से ली प्रशिक्षण की जानकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों की सराहना की

**कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में मध्य प्रदेश कृषि के प्रमुख सचिव निशांत बरबड़े किसान कल्याण एवं कृषि विभाग का आगमन हुआ अपने कृषि विज्ञान केंद्र में किसान हितैषी संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।**

सिवनी/स्वतंत्र मत

इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित समस्त गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा फसल विविधीकरण, उद्यानकी प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, सोलर लाइट ट्रैप, जवाहर जैव उर्वरक, कृषि प्रदर्शनी कक्ष,नवीनतम किस्म की प्रदर्शनी एवं फसल संग्रहालय, प्राकृतिक खेती इकाई आदि का भ्रमण किया एवं जानकारी प्राप्त की। कृषि के प्रमुख सचिव निशांत वरवड़े जी द्वारा दर्पण सभागार में सभी कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कृषि सखियों से एक बैठक ली एवं प्राक़ृतिक खैती विषय पर प्रशिक्षण में जानकारी प्राप्त की आपने किसानों की उन्नति, प्रगति एवं कम लागत में अधिक उत्पादन हेतु सभी कृषि विज्ञान केंद्र एवं समस्त विभाग कृषि,कृषिअभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन एवं पशुचिकित्सा, गौशाला आदि को एक साथ मिलकर एक मॉडल बनाकर किसानों के लिए कार्य करने पर जोर दिया, पराली प्रबंधन पर विशेष कार्य करने की बात कही साथ ही जिले में विभिन्न फसलों के जी.आई. टैग के आवेदन हेतु कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। आपने बताया कि जी.आई. टैग मिलने से क्षेत्र विशेष की फसल एवं किसान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाभ प्राप्त करने की दिशा में एक कारगर कार्य जिले की कृषि विभाग द्वारा एवं के.वी.के. के द्वारा किया जा सकता है इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री पंकज वर्मा, कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे, कृषि अभियांत्रिकी सहायक सहायक कृषि यंत्री कुमारी शायला नाज कुरैशी एवं प्रगतिशील किसान भुजबल सिंह गहलोत एवं भगवत प्रसाद गहलोत आदि की उपस्थिति रही।

कृषि विज्ञान केंद्र में बैठक के दौरान प्रमुख सचिव निशांत बरबड़े का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्प से देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया, कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ निखिल कुमार सिंह द्वारा किया गया एवं किसान हितैषी प्राकृतिक खेती एवं उसकी महत्व विषय पर जानकारी वैज्ञानिक डॉ. निखिल कुमार सिंह द्वारा दी गई।

भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव कृषि श्री निशांत वरवड़े जी द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. जी. के. राणा, इंजी. कुमार सोनी, डॉ केपीएस सैनी, प्रशांत कुर्मी आदि द्वारा के.वी.के. में संचालित विभिन्न गतिविधियों पर जानकारी प्रदान की गई साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के समस्त कर्मचारियों कर्मचारी ओम ब्रोकर, जयशंकर गौतम, नीत लाहौरी, संदीप यादव, श्री सुधीर यादव द्वारा सराहनी कार्य किया गया।